आइडियाथॉन हरियाणा

चर्चा में क्यों?

26 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा कौशल विकास मिशन (एचएसडीएम) के प्रवक्ता ने बताया कि विभाग द्वारा ‘आइडियाथॉन हरियाणा’प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिये 20 अक्तूबर से रजिस्ट्रेशन आरंभ हो चुका है और यह 5 नवंबर, 2023 तक खुला रहेगा।

प्रमुख बिंदु

- मिशन (एचएसडीएम) के प्रवक्ता ने बताया कि‘आइडियाथॉन हरियाणा’प्रतियोगिता में आईटीआई तथा पॉलीटेक्निक संस्थानों में पढ़ने वाले तथा डिप्लोमा पास कर चुके युवा हिस्सा ले सकते हैं।
- यह प्रतियोगिता हरियाणा के सभी 22 ज़िलों के उक्त संस्थानों के युवाओं के लिये शुरू की गई है। पंजीकरण में आसानी के लिये सभी ज़िलों को सात ज़ोन में विभाजित किया गया है।
- प्रत्येक ज़ोन में तीन विजिताओं सहित कुल 21 पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। पुरस्कार वितरण में प्रत्येक ज़ोन के लिये स्वर्ण, रजत और कांस्य पुरस्कार के रूप में क्रमश: 31,000 रुपए, 21,000 रुपए और 11,000 रुपए के नकद पुरस्कार दिये जाएंगे।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ideathon-haryana